दिनांक : 06.04.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- वक्फ संशोधन विधेयक को राष्ट्रपति ने दी मंजूरी, सरकार ने कहा- सिर्फ वक्फ संपत्तियों पर लागू होगा विधेयक।
- सम्राट विक्रमादित्य महोत्सव के दौरान दिल्ली के लाल किले पर होगा महानाट्य का मंचन।
- प्रदेश में सातवां पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से होगा शुरू
- आईपीएल क्रिकेट में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना आज गुजरात टाइटन्स से होगा।

राष्ट्रपति-वक्फ विधेयक

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वक्फ संशोधन विधेयक को स्वीकृति दे दी है। इसके साथ ही यह विधेयक अब कानून बन गया है। संसद ने इस विधेयक को हाल ही मे पारित किया था। लोकसभा में इस विधेयक के पक्ष में 288 और विपक्ष में 232 वोट पड़े थे। राज्यसभा में 128 सदस्यों ने इसके पक्ष में और 95 ने विरोध में मतदान दिया था।

इधर वक्फ विधेयक 2025 को लेकर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने कहा है कि नए वक्फ अधिनियम के अंतर्गत वक्फ के रूप में पंजीकृत कोई भी संपत्ति हटाई नहीं जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि एक बार जब कोई संपत्ति वक्फ घोषित हो जाती है, तो वह स्थायी रूप से रहती है। विधेयक केवल बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के लिए नियमों को स्पष्ट करता है। मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम शामिल होंगे, लेकिन वे बहुमत नहीं बनाएंगे। यह विधेयक केवल उन संपत्तियों पर लागू होता है, जिन्हें वक्फ घोषित किया गया है।

प्रधानमंत्री कार्यक्रम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके आज श्रीलंका के अनुराधापुरा में महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं का अनावरण करेंगे। दोनों नेता बहुप्रतीक्षित 'माहो-ओमानथाई' रेलवे लाइन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दोपहर श्रीलंका से लौटने के बाद तमिलनाडु में पम्बन रेल पुल का भी उद्घाटन करेंगे। यह पुल रामेश्वरम को मुख्य भूमि से जोड़ेगा। दो किलोमीटर लंबा यह पुल वास्तुकला का अद्भुत नमूना है।

विक्रमादित्य महोत्सव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतीत के गौरवशाली इतिहास को जन सामान्य के सामने लाने के लिये 2 हजार वर्ष पहले सम्राट विक्रमादित्य द्वारा सुशासन के सिद्धांतों पर स्थापित शासन संचालन व्यवस्था और उनकी कीर्ति पर केन्द्रित महानाट्य की प्रस्तुति दिल्ली के लाल किले पर की जाएगी। उन्होने कल दिल्ली में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ध्येय वाक्य 'विरासत से विकास की ओर' हमारे लिए एक पाथेय की तरह सिद्ध हो रहा है। हम विकास कार्यों में विरासत को महत्वपूर्ण स्थान दे रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार सुशासन को ध्यान में रखते हुए विकास और जनकल्याण की सभी गतिविधियां संचालित कर रही है। उन्होने बताया कि विक्रमादित्य महोत्सव के दौरान 12-13-14 अप्रैल को होने वाले इस आयोजन में हाथी, घोड़ों, पालकी के साथ 250 से ज्यादा कलाकार अभिनय करेंगे। उन्होने कहा कि महानाट्य का मंचन गौरवशाली इतिहास को विश्व के सामने लाने का मध्यप्रदेश सरकार का एक अभिनव प्रयास है।

भाजपा-स्थापना दिवस

भारतीय जनता पार्टी आज अपना स्थापना दिवस मनाएगी। इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराएंगे। इस अवसर पर श्री नड्डा पार्टी के बूथ कार्यकर्ताओं से भी बातचीत करेंगे। इस दौरान प्रदेश में 65 हजार से अधिक बूथो पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जल संरक्षण अभियान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान में जन सहयोग उमड़ रहा है। इस अभियान में  निरंतर जन सहभागिता बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि जल संरक्षण के लिए जन भागीदारी जुटने से स्पष्ट है कि प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जन सहयोग से जल संरक्षण' की मुहिम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर अग्रिम पंक्ति में आ गया है।

वक्फ बिल संशोधन

अधिवक्ताओं ने कल भोपाल में वक्फ बिल संशोधन का समर्थन करते हुए खुशी जाहिर की है। जिला न्यायालय परिसर स्थित मंदिर में अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर इस निर्णय का स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया यह संशोधन ऐतिहासिक है। उनका कहना है कि यह निर्णय न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देगा बल्कि उन गरीब और असहाय मुसलमानों को भी राहत देगा जो वक्फ संपत्तियों से मिलने वाले लाभ से अब तक वंचित रहे हैं। इस मौके पर हमारे संवावदाता ने अधिवक्ता से बात कि..उन्होंने कहा कि अब तक कुछ कथित प्रभावशाली लोगों द्वारा वक्फ बोर्ड की संपत्तियों का दुरुपयोग किया जाता था।इस संशोधन के लागू होने से शासकीय संपत्तियों का दुरुपयोग नहीं होगा और न ही अब वक्फ बोर्ड सीधे किसी सरकारी भूमि पर अधिकार जमा सकेगा।

पोषण पखवाड़ा

प्रदेश में सातवां पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से शुरू होगा। 22 अप्रैल तक चलने वाले पोषण अभियान में लोगों को कुपोषण को कम करने के लिए जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान के तहत पोषण को जन आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से पोषण पखवाड़ा मनाया जाता है। इस बार केंद्रीय महिला बाल विकास मंत्रालय ने 'जीवन के प्रथम 1000 दिवस' पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉड्यूल को लोकप्रिय बनाने व्यापक प्रचार-प्रसार, समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंध तथा बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली जैसी थीम पर केंद्रित विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

चेन्नई आयोजन

चेन्नई में कल एनीमे, मंगा, वेबटून और वॉयस एक्टिंग की जीवंत दुनिया का उत्सव मनाया गया। तमिलनाडु और पुड्डुचेरी से 90 से अधिक प्रतिभागियों के साथ यह कार्यक्रम कलात्मक ऊर्जा का केन्द्र बन गया। मीडिया एंड एंटरटेनमेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने भारत के उभरते रचनात्मक सितारों को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को बल देते हुए भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और कर्णावती विश्वविद्यालय के सहयोग से इस संस्करण की मेजबानी की है। मीडिया और एंटरटेनमेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सचिव अंकुर भसीन ने इस अवसर पर कहा, चेन्नई भारत की छुपी हुई प्रतिभाओं का जीवंत प्रदर्शन है। हम युवा कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए तत्पर हैं।

आईपीएल क्रिकेट

आईपीएल क्रिकेट में कल राजस्थान रॉयल्स ने पंजाब किंग्स को हरा दिया। राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में पंजाब किंग्स नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

प्रतियोगिता में आज हैदराबाद में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना गुजरात टाइटन्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में ......

- राम नवमी का पर्व आज प्रदेश भर में धूम धाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज चित्रकूट और मैहर में आयोजित कार्यक्रमो में भाग लेंगे।
- प्रदेश में तापमान तेजी से ब्रढने लगा हैं और कई जगह पारा 42 डिग्री से अधिक दर्ज किया गया है। मौसम विभाग ने उज्जैन, ग्वालियर, चंबल के 10 जिलो में कल से लू चलने की संभावना जताई है।
- जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कल खण्डवा जिले के ग्राम गोलखेड़ा में ई-लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने 4.04 करोड़

रुपए लागत से निर्मित होने वाले जनजातीय सीनियर बालक छात्रावास का भूमिपूजन भी किया।

- इंदौर जिले में गेहूं फसल के अवशेष नरवाई के सुरक्षित प्रबंधन के संबंध में जन जागरूकता के लिए कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रचार रथ को झंडी दिखाकर रवाना किया।